अग्नि दुर्घटना

1) ऊँचे मकानों में लगी आग:-

- बिना डरे शांति से मकान से बाहर निकल जाएं, घर का दरबाजा बंद कर दें और चाबियॉ ना भूलें ।
- बाहर निकलते समय अगर कोई अलार्म हो तो दबाएं या फिर सभी लोगों को चिल्लाकर चेतावनी दें ।
- मकान के बाहर सीढ़ीयों पर से ही निकले ।
- अग्नि दुर्घटना के दौरान कभी भी लिफ्ट का प्रयोग नहीं करें ।
- अगर निकास आग या धुएँ के कारण अवरुद्व हो यद्यपि दरवाजा बंद रहने दें पर ताला न लगाए ।
- गीले तौलिए को दरवाजे के नीचे लगाएँ ताकि घुआॅ बाहर ही रहे ।
- दमकल विभाग में फोन करें और उन्हे अपना पूरा पता बताएँ । उन्हें अपनी स्थिति से अवगत कराएँ । फिर दमकल विभाग जैसा जैसा करने कहें वैसा ही करें ।
- शांत रहें और आग बुझाने वाले दल की प्रतीक्षा करें ।

अगर मकान का फायर अलार्म काम न करें

- दरवाजा खोलने के पहले उसे छूकर देखे अगर वो गर्म हो तो दरवाजा ना सा खोले ।
- अगर दरवाजा ठंडा हो तो जरा सा खोल कर देखें कि गलियारे में आग है या नहीं । हो तो ना बढ़े ।
- अगर गलियारे में आग ना हो तो दरवाजा बंद कर के बाहर निकलें। पर याद रखे सीढ़ीयों से उतरें कभी भी लिफ्ट का इस्तेमाल ना करें, हानिकारक हो सकता है ।

अगर मकान के अंदर आग लगी हो

- जमीन के नजदीक रहें ताकी धुआं ज्यादा प्रभावित ना करें ।

- दमकल विभाग का नंबर, पुलिस, व अन्य आपातकालिन सेवा सभी का नंबर टेलिफोन के पास चिपका कर रखें ।ताकी दुघर्टना के समय तुरंत फोन कर सकें तथा उन्हें अपनी स्थिति से अवगत करा सकें ।
- अगर आपके घर में बाल्कनी है और उसके नीचे कोई आग नहीं लगी हो तो बाहर चलें जाएं ।
- अगर नीचे आग लगी हो तो खिड़की के करीब रहें पर उसे खोले नहीं ।
- अगर नीचे आग नहीं लगी हो तो खिड़की खोल दें तथा उसके करीब रहें ।
- खिड़की के बाहर कोई चादर या तौलिया लटका दें ताकि बाहर लोगों को पता चल सके कि आप वहॉं है । और आपको मदद चाहिए ।
- शांत रहें और आग बुझाने वाले दल का इंतजार करें ।

2) रसोई में लगी आग :

यह बहुत जरूरी कि आपको पता हो कि आप किस तरह कर चूल्हा इस्तेमाल कर रहें है –गैस, हीटर, स्टोव या मिट्टी का ।

स्टोव से सबसे ज्यादा आग लगने की संभावना होती हैं । ज्यादातर गांवों में मिट्टी का चूल्हा या स्टोव प्रयोग में आता हैं और वहॉं लगी आग पूरे घर को जला देती है क्योंकि छप्पर फूस का बना होता है और पुआल वैगरह रसोई में ही। रखा होता है बिजली या गैस के चूल्हों में जैसे ही खाना बनाना खत्म हो तुरंत स्विच बंद कर दें । बिजली से चलने वाले चूल्हे बंद करने के बाद भी कुछ देर तक गर्म रहते हैं, जब तक कि वो ठंडा ना हो जाए, सर्तक रहें ।

मिट्टी के चूल्हे जिसमें लकड़ी कोयले या गुबरैले/गोइठे का जलावन की तरह इस्तेमाल होता है, काफी खतरनाक हो सकता है क्योंकि खाना बनाने के बाद भी अंगारे रह जाते है ।

जलावन को जलाते समय चूल्हें को उपर से ढ़क दें ताकि चिनगारी उड़ कर छप्पर या पास रखें पुआल तक ना पहुचँ सके । खाना बनाने के बाद ध्यान रखें कि आग पूरी तरह बुझ जाए । अंगार पर पानी डाल दें । पानी अवश्य डालें अगर खाना बनाने के बाद घर में कोई बड़ा ना रहता हो ।चूल्हे को पास कोई जल सकने वाली समाग्री ना रखें जैसे- किरासन तेल, फूस आदि ।

सावधानियॉ :- क्या करें

- जब खाना बन रहा हो कोई व्यस्क जरूर हो, बच्चों को अकेला ना छोड़े ।
- खाना बनाने समय अपने बालो को बॉध कर रखें और सिन्थेटिक कपड़े ना पहनें ।
- ध्यान रखें कि चूल्हें के पास की खिड़की में लगे पर्दे पीछे पास की तरफ कस कर बंधे हो, लौ ना उठे पर ना उड़े ।
- ध्यान रखें कि गैस का स्विच तुरंत बंद कर दें अगर लौ नहीं जलता है और खाना पकाना खत्म होने के तुरन्त बाद ही स्विच बंद कर दें ।
- हैंडल को स्टोव के बीचोबीच ना घुमाएँ और इसे बच्चों से दूर रखें ।
- ध्यान रखें कि फर्श हमेशा सूखी रहे । अन्यथा आग लगने के समय आप गीले फर्श के कारण गिर सकते है ।
- बच्चों की पहुॅच से माचिस को दूर रखें ।

सावधानियॉ- क्या ना करें :-

- तौलिये या बर्तन साफ करने वाले कपड़ो को स्टोव के आस-पास ना रखे,
- खाना बनाने समय ढ़ीले-ढ़ाले कपड़े ना पहने और जब गैस जल रही हो गैस के ऊपर रखे सामान को ना उतारें ।

- स्टोव या गैस के ऊपर तख्ता शेल्फ पर कोई सामान ना रखें । बेहतर होगा चूल्हे के ऊपर कोई तख्ता ही न लगाए । वरना छोटे बच्चे सामान लेते वक्त गैस पर गिर सकते हैं और आग लग सकती है ।
- स्प्रे कैन या ज्वलनशील सामाग्री वाला डिब्बा स्टोव के पास कतई ना रखें
- बच्चों को खुले अवन के पास न जाने दें ।
- स्टोव के ऊपर ना झुके ।
- तौलिए या कपड़े का इस्तेमाल साबधानी से गर्म बर्तन उतारने के लिए करें।
- बिजली के एक ही प्वांट पर कई स्विच या एक्सटैंशन न लगाए । तार पर अधिक भार पड़ने के कारण आग लग सकती है ।
- तैलीय पदार्थ से लगी आग पर पानी ना डालें या सिर्फ बेकिगं सोडा, नमक डाले या उसे ढ़क दें ।हमेशा बेकिगं सोडा का डब्बा स्टोव के पास रखें ।
- रेडियो, मिक्सी, आदी बिजली से चलने वाले वस्तुओ को बेसिन के पास ना रखें ।

सुझाव:-

- दमकल विभाग का नंबर फोन के पास रखे और ध्यान रखें कि घर के सभी सदस्यों को नंबर का पता हों ।
- माचिस या लाइटर बच्चों से दूर रखें ।
- अपने कमरे का दरबाजा बंद कर के सोए ताकि आग फैलना धीमा किया जा सके ।
- अगर आपके कपड़ों में आग लगी हो तो कभी भी ना दौड़े । रूके -नीचे लेट जाए । जमीन पर रोल कर आग बुझाने की कोशिश करें ।